मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 45, मुंबई, शनिवार, 6 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर









# लोकसभा चुनाव से पहले अरुण गवली की रिहाई

## गवली की याचिका पर कोर्ट का आदेश

## समय से पहले रिहा करने का आदेश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कई दशकों तक मुंबई मायानगरी पर राज करने वाला कुख्यात गैंगस्टर और डॉन अरुण गवली जल्द ही जेल से आजाद हो जाएगा। लोकसभा में चुनाव गवली के मतदान की उम्मीद भी जताई जाने लगी है। दरअसल गवली की रिहाई का आदेश नागपुर पीठ की ओर से दिया गया है। सजा के समय से पहले ही उसे रिहा करने का आदेश कोर्ट ने खुद गवली की मांग पर दिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### सरकार परिपत्र 2006 क्या है?

1) आजीवन कारावास की सजा पाने वाले कैदियों को चौदह साल की कैद पूरी करने के बाद जेल से रिहा किया जा सकता है, साथ ही अगर उनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक हो, वो विकलांग हो।
2) चूंकि गवली का जन्म 1955 में हुआ था इसलिए उनकी उम्र 69 साल है।
3) अरुण गवली जामसंदेकर हत्या मामले में 2007 से जेल में हैं और पिछले सोलह साल से जेल में हैं।
4) दूसरे शब्दों में, अरुण गवली 2006 के महाराष्ट्र सरकार के परिपत्र के अनुसार रिहाई की दोनों शर्तों को पूरा करता है।
5) इसलिए कोर्ट ने फैसला किया है कि उन्हें सजा से पहले रिहा कर दिया जाए।

### रमजान मुबारक हिजरी 1445 साल 2024

**मुंबई और आसपास के इलाकों में टाईम**

रोजा छब्बीसवां (26) 06 अप्रैल 2024 शनिवार

खत्मे शहरी : 5:04 A.M
**रोजे की निय्यतः** नवैतु अन असौमा गदन लिल्लाहि तआला मिन फर्जी रमजान।

वक्ते इफ्तार : 6:56 P.M
**इफ्तार की दुआः** अल्लाहुम्मा इन्नी लका सुमतो वबैका आमनतो व इलयका तवकल्लतो व आला रिजकेका अफ्तरतो फतकब्बल मिन्नी।

रमजान का (21 से 30 रोजा) तीसरा असरा जहन्नम से नजात पाने का होता है।

## फर्जी डॉक्यूमेंट लेकर गए कोर्ट, अपराधी को दिला दी बेल...



# क्राइम ब्रांच ने किया जमानत गैंग का भांडाफोड़

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अपराधी को बचाने के लिए एक नया अपराध किया। फर्जी कागजात बनाए और कोर्ट के अपराधी की बेल करवा लिया और फिर फरार। कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि ये सच्चाई है। मुंबई क्राइम ब्रांच की एक यूनिट ने एक ऐसी विचित्र गैंग का भंडाफोड़ किया है जो फर्जी कागज तैयार करके अपराधियों को बेल दिलवा देता था। जांच एजेंसी ने जमानत दिलाने वाले गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो इस अपराध को अंजाम देते थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### आरोपियों के पास से क्या-क्या मिला?

आरोपियों के नाम अमित नारायण गिजे, अहमद कासिम शेख, संजीव सोहनलाल गुप्ता, उमेश अर्जुन कावले हैं। इन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपराधियों की इस घटना से कोर्ट में काम करने वाले लोग भी हैरान हैं। अपराधियों के पास से फर्जी आधार कार्ड, राशन कार्ड अलग-अलग कंपनियों के आईडी कार्ड, महानगर पालिका के पावती, एक लैपटॉप, मल्टीपल प्रिंटर, मिनी लैमिनेटर, बैंक स्टेटमेंट, सोलवंसी और कई तरह के सर्टिफिकेट मिले हैं।

## थाईलैंड से मुंबई नकली आभूषण बताकर

### असली चांदी की तस्करी, 2 गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई कस्टम विभाग ने थाईलैंड से 2.58 करोड़ रुपये के चांदी के आभूषण, बटुए और घड़ियों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि, नकली आभूषण बताकर, असली चांदी की तस्करी की जा रही थी। कस्टम विभाग को हाल ही में सूचना मिली थी कि बैंकॉक, थाईलैंड से फ्लाइट के जरिए चांदी या सोने की तस्करी की जा रही है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर नहीं चलेंगे भारी वाहन

### हाईवे पुलिस ने भारी वाहन मालिकों, चालक संघों से अपील की है कि वे शनिवार से मंगलवार तक पुणे मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर भारी वाहन न लाएं



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे से भारी वाहन चलाने वालों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे पर 6 से 9 अप्रैल तक भारी वाहन नहीं चलाए जायेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे पर आज (6 अप्रैल) से मंगलवार (9 अप्रैल) तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आपको बता दें कि हाईवे पुलिस ने निजी मीडिया के माध्यम से ट्रांसपोर्टरों से इस पर ध्यान देने की अपील की है। महाराष्ट्र में गर्मी का तापमान चालीस डिग्री तक पहुंच गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## हमारी बात

### भाजपा की सुनामी दूर-दूर तक नहीं!





**नरेंद्र मोदी** अब जनसभाओं में चार सौ पार का नारा पहले की तरह हर जगह लगवाते हुए नहीं हैं। मैंने चार सौ सीटों की सुनामी के भाजपा हल्ले पर पंद्रह दिन पहले राज्यवार सीटों की अनुमानित लिस्ट देना शुरू किया था। भाजपा की हवाई सुनामी को पहली लिस्ट में डाला तब भी चार सौ सीटों का आंकड़ा नहीं बना। उसके बाद पिछले सप्ताह (29 मार्च 2024) भाजपा-एनडीए की अधिकतम सीटों का अनुमान 358 सीटों का था। जबकि कांटे के मुकाबले के जमीनी सिनेरियो में गैर-एनडीए पार्टियों की सीटों का अनुमान था 248 सीट। पिछले सात दिनों में माहौल बदला है। राजनीति बदली है। इसके लक्षण? एक, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सभी पार्टियों के नेताओं की रैली। दो, विपक्षी एकता और काडर का जमीनी साझा बनना। तीन, भाजपा के बंगाल, बिहार और महाराष्ट्र में उम्मीदवार घोषित होना। चार, पंजाब-हरियाणा-महाराष्ट्र-कर्नाटक-ओडिशा में भाजपा की तैयारियों के अनुसार एलायंस नहीं होना या गड़बड़ाना या पार्टी के भीतर (कर्नाटक) कलह की मुश्किलें। पांच, मोदी राज की वैश्विक बदनामी। छह, मोदी मीडिया की विपक्ष में फूट, दलबदल आदि की तमाम निगेटिव खबरों के बावजूद विपक्षी एलायंस के उम्मीदवारों की चुपचाप एक-एक कर घोषणा होते जाना। इसलिए कही भी वरिष्ठ पत्रकारों-जमीनी जानकारों से बात करें, मुंबई-नागपुर बात करें या चंडीगढ़ या पटना या हैदराबाद या कोलकाता सभी तरफ से फाइट होते लगने की जानकारी मिल रही है। एक सुधीजन ने कहा, वह जज ममता के एक नौजवान उम्मीदवार से हारेगा, जिसने इस्तीफा दे कर बेशर्मी से भाजपा का टिकट लिया। या मुंबई के एक वरिष्ठ पत्रकार का यह वाक्य कि मुंबई-ठाणे-कोंकण की 13 लोकसभा सीटों में ही भाजपा के पसीने आ जाने हैं तो पश्चिम महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में तो देखिएगा क्या होता है। औरंगाबाद में हर मुसलमान उद्धव ठाकरे की पार्टी को वोट देगा! बहरहाल, इस सप्ताह के संशोधित अनुमान में गैर-हिंदी प्रदेशों की आबोहवा में भाजपा की कथित सुनामी और पिचकती हुई है। 29 मार्च को भाजपा सहित पूरे एनडीए का कुल अनुमान 358 सीटों का था वह अब 328 पर अटका है। वही गैर-एनडीए पार्टियों के विपक्ष की सीटों का आंकड़ा पिछले सप्ताह जैसा ही 248 सीट का है।

# रमजान विशेष प्रस्तुति 22

# शबे कद्र का अजीम तोहफा है इंसानियत के लिए कुरआन मजीद जिसका निगेहबान खुद अल्लाह है

**जिस** दिन रमजान का 26 वन रोजा होता है उस तारीख को माहे रमजान की 27 वी रात होती है। जिसे शबे कद्र कहा जाता है यानी कद्र वाली वाली रात कहा जाता है। इसी रात को आखरी किताबे इलाही कुरआन मजीद का अवतरण अल्लाह के आखिरी नबी रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम पर अल्लाह ने अपने फरिश्ते जिब्राइल अलै.के प्रकाशना के द्वारा पहुंचना शुरू किया । कुरआन मजीद किताब के शक्ल में नहीं बल्कि फरिश्ते के जरिए अल्लाह के प्रकाशना के रूप में उतारना शुरू हुआ जिसे बाद में किताब की शक्ल दी गई जिसकी दो कॉपी हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के साथी हजरत उस्मान रजि. के समय लिखी गई वह काफी आज भी अपने मूल रूप में तुर्की के अंकारा में एवं रूस के ताशकंद में मौजूद है एकदम उसी की काफी पूरे विश्व में फैली हुई है जिसमें एक शब्द का भी फर्क नहीं है। जिसने भी कुरआन को निष्पक्ष भाव से अनुवाद और उसकी व्याख्या के साथ पढ़ा उसे सत्य का ज्ञान हो गया और वह कुरान पर ईमान ले आया आज कुरआन इस्लाम दुनिया कि सबसे तेज बढ़ती जीवन व्यवस्था है ।

कुरआन मजीद जिसका संबोधन समस्त मानव जाति है। यही कुरआन है जिसने अंधकार में डूबी हुई मानवता को प्रकाशमान किया जिसने सदियों से जुर्म अत्याचार अन्याय के चक्की में पिस रही शोशित मानवता को इससे निजात दिलाई जिसने डूबतो को सहारा दिया जिसने दुनिया के सामने एक ऐसी जीवन व्यवस्था प्रस्तुत कि जब उसको अमल में लाया गया तो सारा संसार खुशियों से झूम उठा रहमते बरस उठी सारी दुनिया में वास्तविक अमन और शांति कायम हुई क्योंकि इस कुरआन ने जिस व्यवस्था से परिचित कराया उसका नाम इस्लाम है जिसका शाब्दिक अर्थ ही शांति और समर्पण होता है यानी ईश्वर के प्रति समर्पण से शांति। जिसने समाज से उच्च नीच छूत छात जैसी गंभीर बीमारियां पलक झपकते ही समाप्त कर दी। जिसने ऐलान किया कि यह कोई मानव रचित बातें नहीं है जिसने चैलेंज किया कि दुनिया के सारे इंसान और जिन्नात मिलकर इस जैसी एक पंक्ति आयत बना कर दिखाएं पर पूरी दुनिया में कोई आज तक यह चैलेंज पूरा न कर सका ना कर सकता



है क्योंकि यह ईश्वरीय आदेश है जिसने किसी धर्म क्षेत्र भाषा अथवा राष्ट्र विशेष के लोगों को संबोधित नहीं किया बल्कि उसने पूरी मानवता को अपने समक्ष रखा यह उस पवित्र एवं महान ग्रंथ के अवतरण की रात है। जिसके लाने वाले पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम किसी धर्म जाति क्षेत्र भाषा अथवा राष्ट्र विशेष के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता और सारे संसार के लिए आए हैं। इस रात की महानता एवं पवित्रता दूसरे रात एवं महीनो की तुलना में हजार गुना अधिक है इसी कारण कहा गया है कि रात शबेकद्र हजार रातों से बेहतर है। यह हमारे लिए प्रशिक्षण का महीना है और मानवता को कुरआन से अवगत कराने का महीना है। इसी कुरआन के बारे में यूरोप के प्रसिद्ध विद्यमान मिस्टर थॉमस कारलायल कहता है कि कुरान एक आसान सबकी समझ में आने वाला धर्म ग्रंथ है यह ग्रंथ ऐसे समय में दुनिया में प्रस्तुत किया गया जबकि चारों ओर तरह-तरह की गुमराही फैली हुई थी मानवता और सज्जनता और संस्कृति और सभ्यता को कोई जानता ना था और हर ओर अशांति और बेचैनी का दौरा दौर था कुरआन ने अपनी शिक्षाओं से इंसान के दिलों में प्रेम भावनाएं पैदा की और दुनिया की काया पलट दी बेचैनियों और बदअमनी के बजाय अमन और सुकून का अपार समुद्र लहरा दिया जुल्म व ज्यादती निष्ठा और प्रेम में बदल गई गुमराह सीधे रास्ते पर आ गए (दी पॉपुलर रिलीजन ऑफ दी वर्ल्ड)

इसी तरह का और एक विद्यमान हरी गेलाड डारमैन यह स्वीकार करते हैं कि यह कुरान ईश्वर की ओर से अक्षरशः अवतरित हुआ है जो जिब्रील फरिश्ते द्वारा हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को सुनाया गया है जिसका प्रत्येक शब्द पूर्ण है यह सदा रहने वाला चमत्कार है जो अपने और ईश्वर के आखिरी नबी रसूल पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सच्चाई का साक्षी है। इसका चमत्कारिक गुण आंशिक रूप से इसकी शैली में है जो इतनी पूर्ण और उन्नत है ना तो कोई व्यक्ति ना जिन्नात ऐसा एक अध्याय तैयार कर सकता है जो कुरआन की एक छोटी सी छोटी सूरह (अध्याय) की बराबरी कर सके और आंशिक रूप से इस दृष्टि से भी यह चमत्कार पूर्ण ग्रंथ है इसकी शिक्षाएं और भविष्यवाणियां तथा विस्मित कर देने वाली जानकारियां ऐसी नहीं है कि हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम जैसे उम्मी (इंसानों द्वारा नही पढ़ाया गया व्यक्ति) व्यक्ति पेश कर सके (एच जी डारमैन टुवर्डस अन्डर स्टेडिंग इस्लाम न्यूयार्क 1948 पृष्ठ क्रमांक 3) और साथ ही फ्रांस का योद्धा एवं विद्यमान नेपोलियन ने कहा था कि वह दिन दूर नहीं की सारे देशो के नीतिक मिलकर कुरआन के सिद्धांत के अनुसार एक ही ढ़ंग के शासन को अपनाएंगे कुरआन की शिक्षा उसके सिद्धांत सत्य पर आधारित है और मानव जाति को खूबियां और खुशहालियो से मालामाल करने वाले हैं अतः खुदा के भेजूं रसूल हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहो अलैह वसल्लम और उन पर अवतरित की हुई किताब कुरआन पर मुझे गर्व है और मैं आप सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सेवा में श्रद्धांजलि पेश करता हूं (सभार इस्लाम जिससे मुझे प्यार है) और खुद कुरआन में अल्लाह फरमाता है कि इस कुरआन को हमने अवतरित किया है और निसंदेह हम इसकी रक्षा करने वाले हैं (सूरह हिज्र आयत नंबर 9) इस रमजान मुबारक के महीने और इस दिव्य रात्रि का इस कुरआन का सही हक यह होगा कि इसे समझ कर पढ़ा जाए और उसके संदेश पर अमल किया जाए और उसके सिद्धांतों से दूसरों को अवगत कराया जाए और शबे कद्र की रात को नमाज दरूद और कुरआन को समझ कर पढ़ना अपने गुनाहों की माफी मांगना और अपने मरहूमो की मगफिरत की अल्लाह से दुआ करना इस एक रात की इबादत का सवाब हजार रात की इबादत के बराबर है शबे कद्र रमजान की ताक राते 21,23, 25, 27, 29 से एक रात होती है जिस को छुपाकर रखा गया है ताकि ईमान वाले इन पांच रातों में शबे कद्र को तलाश करें और ज्यादा से ज्यादा इबादत और नेक काम करें और अल्लाह से करीब हो जाए।

सभी भाइयों और बहनों से दिल की गहराई से गुजारिश है कि आप सभी अपने-अपने गुनाहों से तौबा करें और आगे नेकी के राह पर चलने की अल्लाह से मदद और दुआ मांगे और मूझ गुनहगार के लिए भी दुआ फरमाए और खासकर मेरे अब्बू और अम्मी जिसमें मेरी अम्मीजान हज्जन जुबेदा बी रहमतुल्लाहि अलैहा और अब्बू मोहतरम बाबू खान कादरी रहमतुल्लाह अलैह के लिए दुआ फरमाए की अल्लाह उनकी बखशीश और मगफिरत फरमाए और अपनी रहमतों से और अपने महबूब हजरत मोहम्मद स्वल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के वसीले से उनकी कब्र को नूर की अंजुमन बनाकर जन्नत के बाग में तब्दील फरमाए और उनकी कब्र की जानिब जन्नत की खिड़की खोल दे जन्नत की जानिब उनकी कब्र की खिड़की खोल दे और उनको आलमे बरजख में इल्लीन में आला मुकाम अता फरमाए और उनको अपनी रहमत अपना नूर अता फरमाए और बदले के दिन उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उन्हें कब्र के अजाब से जहन्नम की आग से पुलसिरात और मैदान-ए-महशर की तकलीफों से उनकी हिफाजत अता फरमाए और उन्हें अपनी अमन और सलामती अता फरमाए आमीन या रब्बुल आलमीन आप सभी भाइयों बहनों कि दुआओं का तलबगार आपका भाई साजिद खान पत्रकार।

**- साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बोईसर में हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक हिंदू भाइयों ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**पालघर।** जहां देश भर में हिंदू मुस्लिम के प्रतीक नफरत का माहोल बना हुआ है। वही दूसरी तरफ पालघर जिले के बोईसर शहर में हिंदू भाइयों ने शुक्रवार को अलविदा जुमा यानी रमजान मुबारक के आखरी जुमा के दिन इफ्तार पार्टी का आयोजन किया और हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक देखने मिला। आप को बता दे के यह कार्यक्रम बोईसर शहर के भैया पाड़ा के हिंदू लड़की ने हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक देने के लिए इस इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर के कई बड़े लोग शामिल हुए हिंदू, मुस्लिम सभी धर्म के लोगो ने एक साथ बैठ कर इफ्तार की और गले मिल कर अलविदा हुए। इस कार्यक्रम में एनसीपी के महाराष्ट्र प्रदेश सरचतनिस संतोष अप्पा मराठे,रवि संखे पालघर जिला उपाध्यक्ष, तालुका सचिव अजय कारण काले, बोईसर शहर प्रमुख अर्जुन बवेशकर,पत्रकार ज्ञानेश्वर रामोशी, वसीम रहीम, सोनू यादव, राहुल सिंह, फिरोज भाई, आसिफ भाई, मेराज शेख, राहुल यादव, जुनेद शाह, खलील, नीरज, रोहित यादव,अन्य मेहमान उपस्थित थे।



# दुबई में मोहम्मद अजयान ने रखा रोजा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जालना।** तपती गर्मी भी खुदा की इबादत करने वालों का इरादा नहीं डिगमिगा रही है। 15 घंटे भूखे-प्यासे रहकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रमजान के रोजे रख रहे हैं। मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा व सबसे लंबा चलने वाला त्यौहार पाक माह रमजान हैं। रमजान माह की इबादत कई महीनों की इबादत से अफजल होती हैं। इस माह में रोजे का खास महत्व होता हैं। रोजा हर बालिग औरत, मर्द, बच्चे, बूढ़े पर फर्ज हैं। रोजेदारों के लिए उम्र की कोई बाधा नहीं हैं। बच्चों में रोजा रखने की चाह इतनी ज्यादा रहती है कि परिजन के इंकार करने पर भी वह रोजा रखते हैं। आपको बता दें कि मीडिया चेयरमैन मलिक साहब जो कि भारतीय नागरिक है और वह दुबई में रहते हैं, मलिक साहब के नवासे जेबा नाज के 7 साल के बेटे मोहम्मद अजयान ने रोजा रखा और इफ्तार के बाद दुबई में मगरिब की नमाज भी अदा किया।



# शशकिया जगह पर हो रहे अवैध बोरिंग पर आखिर कार्यवाई करेगा कौन, ग्रामपंचायत या महसूल विभाग...?



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** बोईसर शहर के कई इलाकों में अवैध तरीके से बोरिंग करने का अवैध कार्य जोर से शुरू है जिसकी शिकायत संबंधित ग्रामपंचायत और महसुल विभाग को करने के बाद दोनो ही विभाग अपना पलड़ा साफ करते हुए नजर आए। आप को बता दे के अवधनगर के आजाद नगर में अवैध बोरिंग सुबह से शुरू थी जिसकी शिकायत सारावली ग्रामपंचायत से ग्रामविकार अधिकारी से की गई तो उन्होंने साफ यह कर कर माना कर दिया के इस विषय में हमारा कोई अधिकार नहीं है की हम कोई कार्यवाई करे ग्रामपंचायत के सरपंच और सदस्यों ने भी अपना पलड़ा साफ करते हुए यही कहा के हम इस संबंध में कोई कार्यवाई नही कर सकते इसी संबंध में जब हमने माहौल के अधिकारियों से बात की तो उनका भी यही जवाब था इस मामले में हम कोई कार्यवाई नही कर सकते तो आखिर इन अवैध बोरिंग पर कार्यवाई करेगा कोन यह बड़ा प्रश्न उपस्थित हो रहा है?

# अब रेडक्रॉस उठाएगा बुजुर्ग रोगियों की सेवा का जिम्मा

## नौकरी,व्यवसाय व अन्य व्यस्तताओं के चलते उठाया कदम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगाँव।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से नागरिकों के लिए अनेक सामाजिक सेवा गतिविधियाँ क्रियान्वित की जा रही हैं। संपर्क अधिकारी उज्वला वर्मा ने बताया कि मरीजों की सेवा के लिए जलगांव जिले में भी इसी तरह की रेडक्रॉस रोगी सेवा पहल शुरू की जल्द शुरूवात की जाएगी। इस योजना के तहत घर के सदस्यों की नौकरी, व्यवसाय या अन्य व्यस्तताओं को ध्यान में रखते हुए घर में बीमार या बुजुर्ग मरीजों की देख भाल ठीक से नही हो पाती व कई बार परिवार के सदस्यों की उपेक्षा के कारण भी मरीज की मानसिकता खराब होने लगती है। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से रोगी देखभाल गतिविधियाँ शुरू की जाएंगी। वर्मा ने बताया कि इस पहल के तहत, सेवाओं की आवश्यकता वाले परिवारों को उनके रोगियों के लिए प्रशिक्षित घरेलू देखभाल कार्यकर्ता नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि जो महिला, पुरुष, लड़के एवं लड़कियाँ रेडक्रॉस की इस गतिविधि में स्वयंसेवक के रूप में कार्य करना चाहते हैं वे रेडक्रॉस से संपर्क कर पंजीकरण फॉर्म भर सकते है। पूर्ण प्रशिक्षण के बाद ही इस सेवाकर्मी को आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थानों पर सेवा के लिए भेजा जाएगा। सभी कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक भी दिया जाएगा। इस गतिविधि में नामांकन करने और अधिक जानकारी के लिए परियोजना प्रमुख सुनील सुखवानी - 9158499536, विश्वनाथ जोशी - 9422275154 एवं उज्वला वर्मा - 9422436566 से संपर्क किया जाना चाहिए। रेड क्रॉस ने अधिक से अधिक रोगियों से इस पहल में अपना नाम दर्ज कराने की भी अपील की है जो रोगी की देखभाल के साथ-साथ वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### थाईलैंड से मुंबई नकली आभूषण बताकर

इस जानकारी के आधार पर मार्च में विभाग ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे दो यात्रियों से 172 किलोग्राम वजन के आभूषण और अन्य सामान जब्त किया था। उनकी जांच से पता चला कि जब्त की गई वस्तुएं चांदी से बनी थीं, न कि नकली आभूषण, जैसा कि फ़्लायर द्वारा दावा किया गया था। प्रवीण कुमार गुप्ता (37) और अजर खान (29) के रूप में पहचाने गए दो आरोपी कथित तौर पर थाई एयरवेज की उड़ान टी जी-351 के माध्यम से थाईलैंड से भारत आते समय इन चांदी की वस्तुओं को ले जा रहे थे। पूछताछ के दौरान, दोनों ने कथित तौर पर आभूषणों में चांदी की मौजूदगी के बारे में जानकारी होने की बात स्वीकार की और कहा कि वे 12,000 रुपये के कमीशन के लिए इसकी तस्करी कर रहे थे।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर कल से नहीं चलेंगे भारी वाहन

इसलिए संभावना है कि मुंबई पुणे एक्सप्रेस हाईवे पर गाड़ियों के टायर गर्म होकर फट जाएंगे। साथ ही गाड़ी का इंजन गर्म होने और आग लगने की भी आशंका रहती है। इन घटनाओं के कारण बोरघाट में यातायात ठप हो जाती है। इसलिए हाइवे पुलिस द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इन घटनाओं से बचने के लिए हाईवे पुलिस ने एक रणनीति बनाई है। मुंबई पुणे एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए 6 अप्रैल से 9 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक मुंबई से पुणे लेन पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसलिए हाईवे पुलिस ने भारी वाहन मालिकों, चालक संघों से अपील की है कि वे शनिवार से मंगलवार तक पुणे मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर भारी वाहन न लाएं। किसी भी तरह की अनहोनी न हो और कीसी भी वजह से यहां यातायात प्रभावित न हो इसलिए यह फैसला लिया गया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले अरुण गवली की रिहाई

गवली ने 2006 के सरकारी फैसले के आधार पर सजा से छूट की मांग की थी। किस मामले में मिली सजा गवली को मुंबई पार्षद कमलाकर जामसंदेकर हत्याकांड और अन्य अपराधों के लिए वर्ष 2007 से दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल गवली नागपुर जेल में सजा काट रहा है। अरुण गवली की याचिका पर नागपुर बेंच में सुनवाई पूरी हो गई। हालांकि, कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए गवली को समय से पहले रिहा करने का निर्देश दिया है। हालांकि, जेल प्रशासन को उस संबंध में जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय भी दिया गया है। अब जेल प्रशासन क्या फैसला लेगा? ये देखना अहम होगा।

### फर्जी डॉक्यूमेंट लेकर गए कोर्ट

पुलिस द्वारा जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया जाता था, ये गैंग उसको जमान दिलवाने के लिए जाली कागज तैयार करते थे। गैंग आरोपियों को कोर्ट में फर्जी जमीनदार बनाकर बेल दिलाया करते थे। अपराधी फर्जी डॉक्यूमेंट के जरिए पैसे ऐठते थे फिर एक ही ही व्यक्ति को कई फर्जी दस्तावेज के माध्यम से जामीनदार बनाकर कोर्ट में खड़ा करते थे। हैरतअंगेज बात तो ये है कि गैंग एक ही व्यक्ति का फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, सोलवंसी अलग-अलग कंपनियों के आई डी, बीएमसी स्लिप, बैंक स्टेटमेंट, स्टाम्प बनाकर जमीनदार बनाया करते थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा से ऑफर पर आतिशी को नोटिस



**नई दिल्ली।** भाजपा से ऑफर मिलने वाले बयान पर चुनाव आयोग ने आप नेता आतिशी को नोटिस दिया है। आयोग के अनुसार उन्हें भाजपा की तरफ से चार अप्रैल को शिकायत मिली है। इस शिकायत में कहा गया है कि आतिशी ने भाजपा को लेकर गलत बयान दिया है। आतिशी ने बयान दिया था जिसमें उन्होंने भाजपा से ऑफिर मिलने की बात कही थी।

### शराब घोटाले में कविता से सीबीआई करेगी पूछताछ



**नई दिल्ली।** अदालत ने दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई को बीआरएस नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस एमएलसी के कविता न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कविता को ईडी ने 15 मार्च को दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। 8 को जमानत पर फैसला आएगा।

### धार्मिक स्थल से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की मौत



**बठिंडा।** कोटकपूरा के मोगा रोड पर स्थित गांव पंजगराई खुर्द के पास शुक्रवार सुबह करीब 2 बजे टाटा एस और घोड़ा ट्राले की भीषण टक्कर में दो महिलाओं समेत 5लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 बच्चों समेत 8लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें कोटकपूरा, बठिंडा व फरीदकोट के अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है। सभी श्री मुक्तसर साहिब के गांव मराड कलां के हैं।

## शिक्षा मंत्री ने जान-बूझकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया

राज्यपाल आनंद बोस का दावा

# बंगाल के विश्वविद्यालय बने मिनी संदेशखाली इनके दुरुपयोग की न्यायिक जांच के आदेश

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु पर निशाना साधने बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के परिसरों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और हिंसा के मामलों को देखते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं। राज्यपाल ने दावा किया है कि राज्य में कई विश्वविद्यालय परिसर मिनी संदेशखाली बन गए हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालयों में होने वाली कथित हिंसा, भ्रष्टाचार और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए विश्वविद्यालयों के दुरुपयोग की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। सीवी आनंद बोस राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों के चांसलर भी हैं। बोस का कहना था कि शिक्षा मंत्री ने हाल ही में गौर बंगा विश्वविद्यालय में राजनेताओं के साथ बैठक की। इस तरह शिक्षा मंत्री ने जान-बूझकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार से ब्रत्य बसु को मंत्रिमंडल से हटाने के लिए कहा था।



### जांच कमेटी गठित हो, बर्खास्त करें

राज्यपाल का कहना है कि इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने महसूस किया है कि राज्य के कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं। खास बात यह है कि राज्यपाल ने एक दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को कैबिनेट से हटाया जाए।

### बसु पर लगाए थे संबंध खराब करने के आरोप



राजभवन द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की गई। जिसमें लिखा गया कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने राज्यपाल को उन्मादी और अल्जाइमर से पीड़ित बताया। पोस्ट में लिखा गया था कि बसु के आरोप राज्यपाल और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के बीच संबंध खराब करने की कोशिश है। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल पर राज्य विश्वविद्यालयों के कामकाज के संबंध में असंगत कदम उठाने का भी आरोप लगाया था।

### ममता और राज्यपाल के बीच फिर तकरार



*पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बेनर्जी और राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बीच खींचतान सामने आई है। इस बार राज्यपाल ने बंगाल सरकार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल ने 30 मार्च को उत्तर बंगाल के गौर बंगा विश्वविद्यालय में हुए तृणमूल कांग्रेस के एक सम्मेलन में बसु की मौजूदगी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन बताया है। वहीं इस निर्देश पर मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि यह उतना ही हास्यास्पद है जितना कि मैं राष्ट्रपति को राज्यपाल को हटाने की सिफारिश करूं। बसु ने कहा कि राज्यपाल बोस ने न केवल अपने असली रंग दिखाए हैं, बल्कि उन्हें हटाने के लिए कहकर अपनी संवैधानिक सीमा को भी पार कर लिया है। मंत्री को हटाने का संवैधानिक अधिकार राज्य के मुख्यमंत्री को है, न कि राज्यपाल को।*


## श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद

### मंदिर पक्ष की बहस पर अगली सुनवाई 18 अप्रैल को मुकर्रर

मुंबई हलचल / इलाहाबाद

हाईकोर्ट में एक बार फिर मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले को लेकर बहस हुई। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष की ओर से बहस जारी है।

कोर्ट ने समयाभाव को देखते हुए सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की है।भगवान श्री कृष्ण विराजमान एट कटरा केसर देव की ओर से दाखिल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ कर रही है। इसके पहले मस्जिद पक्ष की ओर से मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल वादों की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए गए। कहा गया कि



सभी वाद प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ एक्ट सहित विभिन्न कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत बाधित है। लिहाजा, सभी वादों को खारिज किया जाए। मस्जिद पक्ष की ओर से तसलीमा अहमदी ने बहस की। मंदिर पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से वादों की पोषणीयता पर उठाए जा रहे सवाल बेबुनियाद है।

## रामनवमी पर दुनियाभर के हिंदुओं को जोड़ेगी विहिप

# 30 देशों में एक लाख जगहों पर मनेगा रामोत्सव

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इस वर्ष रामनवमी पर पूरे विश्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामोत्सव कार्यक्रम के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में रामनवमी के दिन भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित होंगे।

अब तक भारत समेत दुनिया के 30 देशों के लगभग एक लाख मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। इन कार्यक्रमों में हिंदू समुदाय के करोड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

विहिप रामोत्सव के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आयोजन 9 अप्रैल को शुरू होगा और 15 दिन तक चलेगा

#### हनुमान जयंती पर होगा समापन



रामोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत नववर्ष प्रतिपदा यानी नौ अप्रैल 2024 के दिन से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक चलती रहेगी। 24 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन इन कार्यक्रमों का समापन होगा। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, राम की आरती, सुंदरकांड का पाठ, रामधुन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मस्थली और राम मंदिर होने के कारण अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सबसे प्रमुख कहा जा सकता है। अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सजीव दिखाने की भी कोशिश की जाएगी।

#### देश में 70 हजार स्थानों पर होगा कार्यक्रम

राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि रामनवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संगठन की इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के कारण इसे और भव्य बनाने का निर्णय लिया गया है। अकेले भारत में ही 70 हजार से अधिक स्थानों पर रामोत्सव होगा। कार्यक्रम के जरिए देश के हर धर्म-संप्रदाय और वर्गों को जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

#### केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल ने की बैठक

बंसल ने कहा कि इनके माध्यम से हम देश के मतदाताओं से भी अपील करेंगे कि वे आगामी चुनावों में ऐसे राजनीतिक दल को वोट दें, जो राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सनातन धर्म के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें। विहिप की केंद्रीय प्रबंध समिति और प्रन्यासी मंडल की अयोध्या में हुई बैठक (25-27 फरवरी) में इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए थे।

## यूपी मदरसा के 17 लाख छात्रों को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है।



हाई कोर्ट का मानना है ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है, गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट को रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करे। 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं। ये लगभग 125 साल पुराना है, 1908 से मदरसा रजिस्टर हो रहे हैं।

#### हाईकोर्ट ने प्रावधानों को नहीं समझा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। सुपीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर केंद्र, यूपी सरकार, यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड को नोटिस जारी किया। 31 मई तक जवाब दखिल करने को कहा है।

# रजा एक्शन कमेटी के रोजा इफ़्तार में दिखी भारतीय संस्कृति

### मुसलमान, हिन्दू, सिख रोजदारों ने अजान की आवाज सुनकर खजूर खाके किया रोजा इफ्तार

### अदनान रजा ने सबके साथ किया इफ़्तार फलस्तीन के लिए खास हुई दुआ

**बरेली।** हर साल की तरह इस साल भी ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के रोजा इफ़्तार में जबरदस्त भीड़ उमड़ी। नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के नायब सदर मौलाना अदनान रजा कादरी ने सभी के साथ बैठकर इफ़्तार किया। न कोई खास था और न आम, सभी ने एक साथ इफ़्तार किया। नबीरा-ए-आला हजरत ने मगरिब की नमाज अदा कराई। उन्होंने फलस्तीन के लिए खास दुआ फरमाई। नमाज के बाद लंगर का एतहमाम किया गया। इस मौके पर बरेली ही नहीं, आसपास के कई ज़िलों से आए रोजादारों और मेहमानों ने शिरकत की। पीलीभीत बाइपास स्थित एक बरात घकर में आयोजित सामूहिक रोजा इफ़्तार की की खास बात ये रही इस रोजा इफ्तार में मुसलमानों के अलावा हिन्दू सिख रोजेदार भी शामिल हुए अजान की आवाज सुनकर खजूर खाके रोज इफ्तार किया। सामूहिक रोज इफ्तार की तैयारियों के लिए रजा एक्शन कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह से ही जुट गए थे। एक तरफ इफ़्तार के लिए खजूर, फल, शर्बत, पकौड़ियों वगैरह का इंतजाम किया जा रहा था तो दूसरी तरफ लंगर के लिए चूल्हों पर बिरयानी की देगें चढ़ी हुई थीं। नबीरा-ए-आला हजरत मौलाना



अदनान रजा कादरी खुद ही तमाम इंतजामात देख रहे थे। असर की नमाज के बाद तैयारियाँ शबाब पर पहुँच गईं। लॉन के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक लम्बे-लम्बे दस्तरख़्वान सजाए गए। जैसे-जैसे भीड़ उमड़ने लगी, वैसे-वैसे दस्तरख़्वान पर खाने-पीने का सामान लगाया जाता रहा। ठीक 6.37 बजे मगरिब की अजान हुई और हर खासो-आम ने एक साथ रोजा इफ़्तार किया। इफ़्तार के फौरान बाद दस्तरख़्वान समेट कर नमाज की तैयारी की गई। हजरत अदनान रजा कादरी की इमामत में तमाम रोजादारों ने नमाज अदा की। नबीरा-ए-आला हजरत ने मुल्को-मिल्लत के लिए दुआ की। फलस्तीन के लिए उन्होंने खास दुआ फरमाई। इसके बाद लंगर हुआ और फिर सभी लोग नबीरा-ए-आला हजरत से मुलाकात कर रुखसत हुए। इस मौके पर उस्मान रजा खान अब्दुल्ला रजा कादरी अम्मार वसीम सय्यद सबूर अली हन्नान उद्दीन मोहसिन हसन खान मुशाहिद रफत खानअब्दुल हलीम खान ताज खान अब्दुल लतीफ अजहरी राजु बाबा रजब अली साजू सईद सिब्तैनी मोहम्मद जुनैद हनीफ अजहरी रेहान यार खान डॉ अनीस बेग डॉक्टर अरशद हाफिज सलीम रजा नदीम कुरैशी सय्यद हैदर अली असलम चौधरी पवनीत सिंह अजीत सिंह गुर चरण सिंह चौधरी अनेक सिंह मुफ्ती हनीफ मौलाना सफदर रजा मौलाना सलीम खालिद रजा अशरफ रजा डॉक्टर साजिद रजा सुहैल रजा मेराज कतिब, बड़े संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद प्रतिष्ठान द्वारा होली स्नेह मिलन सम्मेलन सम्पन्न



मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** सायन-कोलीवाड़ा स्थित समाज मंदिर हॉल में गुरूवार ४ अप्रैल की शाम फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानन्द प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'फगुआ का रंग फूलों से संग' एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद राहुल शेवाले, विधायक प्रसाद लाड, भाजपा नेता संजय उपाध्याय, मुंबई मनपा के पूर्व विरोधी पक्ष नेता रवि राजा, पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा, अमित शेट्टी मौजूद थे। इस दौरान सभी अतिथियों का नागरिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजेश रस्तोगी ने किया था।

# इंडिया गठबंधन के मनोज पूर्व जज का शेरकोट में खुला कार्यालय



**बिजनौर।** लोकसभा नगीना 5 प्रथम फेस 19 अप्रैल को चुनाव होना है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख करीब आ रही है लोगों में उत्साह बढ़ता दिखाई दे रहा है। समाजवादी, आप, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज संयुक्त रूप से जामा मस्जिद बाद नमाज जुमा ढोल नगाड़ों के साथ चुनाव प्रचार और मुलाकात संपर्क का अभियान शुरू किया जिसमें नेता व कार्यकरता मौजूद रहे बाजार से होते हुए मोहल्ला शे खान जैन मंदिर के पास कार्यालय का उद्घाटन हुआ वह जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे पूर्व अध्यक्ष शेख कमरुल इस्लाम की अध्यक्षता और व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल व कासिम मलिक मीडिया चेयरमैन के संचालन मे प्रोग्राम संचालित हुआ जिसमें हुसैन अहमद अंसारी मनोज त्यागी कमलेश भैया इमरान नवाज अदनान राइन मोहम्मद दिलशाद नाजिम जबी शेख जेद नेता महबूब अहमद सतपाल सिंह मास्टर महफूज फुरकान अहमद अंसारी मेराज सिद्दीकी अरमान सैफी खालिद पठान आदि ने सभा को संबोधित किया पूर्व अध्यक्ष कमरुल इस्लाम ने इंडिया गठबंधन पर प्रकाश डाला और लोगों से भारी मतों से गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की मनोज कुमार प्रत्याशी ने नगीना लोकसभा क्षेत्र में एक बड़ा अस्पताल बनवाने अच्छे शिक्षा का प्रबंध रागिनी कराने और बेरोजगारी को दूर करने के लिए इकाइयां लगवाने तथा संविधान को बचाने के हर संभव प्रयास करने का वादा किया आखिर में प्रत्याशी मनोज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए संविधान के द्वारा आपसी भाईचारा को कायम रखने जनता को उनका हक दिलाने की बात कही उद्घाटन के अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कमरुल इस्लाम समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष की तरफ से मिठाई वितरण का आयोजन भी किया गया।

# मुंबई में 'सबके राम शाश्वत श्रीराम', 'भारतीय संस्कृति के वैश्विक आयाम' कार्यक्रमों की शृंखला का राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी की 70वीं वर्षगाँठ समारोह से हुआ शुभारंभ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख कला गैलरी राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी की 70 वीं वर्षगाँठ आज दिनांक २९ मार्च २०२४ को मुंबई में मनायी गयी। गैलरी के 70 वर्ष की गतिविधी एक दृकश्राव्य चित्रफित के माध्यम से उपस्थितों के सामने रखी गयी। इस अवसर पर इस समारोह में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिन्दी साहित्य भारती, महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी एवं हम फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आनेवाले मई 31 व जून महीने में मुंबई में सब के राम शाश्वत श्री राम-भारतीय संस्कृति, कला एवं साहित्य के वैश्विक आयाम इसपर आधारित एक भव्य सर्वसमावेशी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। देश-विदेश के अनेक विख्यात साहित्यकार, कलाकार एवं विशिष्ट व्यक्तियों की सहभागिता और समागम का यह त्रिदिवसीय महोत्सव में साहित्यिक संगोष्ठी, दृश्यकलाओं, प्रदर्शन कलाओं की त्रिवेणी होगी। आज के कार्यक्रम में इस महोत्सव के बोधचिन्ह का अनावरण तथा स्वरूप विशद किया गया। भारतीय डाक विभाग, भारतीय रेल, हम फाऊंडेशन, भगवती फाऊंडेशन और युनिक शिक्षा अकादमी फाऊंडेशन इस महोत्सव के सहयोगी संगठन है। राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी की सक्रिय संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्षा श्रीमती फिरोजा गोदरेज, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री कृष्ण प्रकाश, डॉ शीतला प्रसाद दुबे (कार्यकारी अध्यक्ष महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी), राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरयू दोशी, वर्तमान निदेशक श्री उमेश रुस्तागी, महाराष्ट्र राज्य कला संचालक श्री राजीव सक्सेना, पूर्व निदेशक और राजस्व अधिकारी सुश्री अनीता रूपावतारम, श्री सुधीर जाखेरे (सहायक डाक महानिदेशक), पश्चिम व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी गण; श्री सुमित ठाकुर व श्री डॉ स्वप्निल नीला की कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिती रही। द ह्यूमन योगा फाऊंडेशन वर्ली मुंबई के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार सब के राम शाश्वत श्री राम महोत्सव के मानद संकल्पक, संयोजक व निर्देशक श्री कृष्ण प्रकाश जी ने महोत्सव की रूपरेखा विशद की। यह वर्तमान को अतीत से जोडने का प्रयास है। महोत्सव के दरम्यान गेट वे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राईव्ह, कूपरेज मैदान, राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी आदी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस श्रृंखला में आयोजकोंद्वारा कुछ विश्व विक्रम बनाने का प्रयास किया है। आज के कार्यक्रम में डॉ. सुरूचि मोहता और सुश्री प्राची जरिवाला ने संगीत और नृत्य की विशेष प्रस्तुति का सादरीकरण किया। भारत की उच्च सांस्कृतिक परंपरा को विश्व में अनेक समुदायोंने अपने अपने तरीके से अपनाया है। इस विरासत को संरक्षित करने तथा आनेवाली पीढ़ियों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने का अनूठा प्रयास इस महोत्सव के द्वारा मुंबई में किया गया है। आज के कार्यक्रम का संयोजन व समन्वयन राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा संग्रहाध्यक्षा सुश्री श्रुति दास ने किया। सभी कला प्रेमी एवं समस्त राम भक्तों को फेस्टिवल में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे पूरी कार्यक्रम की रूपरेखा मीडिया द्वारा प्रसारित किया श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार जीने जी ने जो कड़क न्यूज नेटवर्क को संपादक है वर्तमान में आदरणीय आईजी कृष्ण प्रकाश साहब साहब की वजह से मीडिया में डाला गया।



# भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, चूना पत्थर भी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, तीसरा सबसे बड़ा चूना पत्थर उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक है।

वित्त वर्ष 2024 में खनन क्षेत्र में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए लौह अयस्क का उत्पादन 230 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) रहा था, जो वित्त वर्ष 24 की समान अवधि के दौरान 9.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 252 एमएमटी हो गया है। संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा।



## रिकार्ड तोड़ने की ओर अग्रसर

संभावना है कि वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का पूरे वर्ष का उत्पादन वित्त वर्ष 23 के 258 एमएमटी के उत्पादन के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। इसी तरह का रुझान दिखाते हुए, वित्त वर्ष 2023 के दौरान अप्रैल-फरवरी की 11 महीने की अवधि के लिए चूना पत्थर का उत्पादन 366 एमएमटी से बढ़कर वित्त वर्ष 24 की इसी अवधि के लिए 11.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 407 एमएमटी हो गया है और पहले ही वित्त वर्ष 23 में हासिल किये गए 406.5 एमएमटी के पूरे साल के उत्पादन रिकॉर्ड को पार कर चुका है।

# रात के अंधेरे में बचाए 27 बांग्लादेशी मछुआरे




मुंबई हलचल / कोलकाता

भारतीय तट रक्षक बलों ने समुद्र में फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों की जान बचाई और उन्हें बांग्लादेश को सौंप दिया। भारतीय तट रक्षक बल ने नांव को ठीक करने की कोशिश की, जब नाव ठीक नहीं हो पाई तो सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

तट रक्षक बल का आदर्श वाक्य है वयम्रक्षाम (हम रक्षा करते हैं), जिसे हमने साबित करके दिखाया। यह ऑपरेशन सभी बाधाओं के बावजूद समुद्र में बहुमूल्य जीवन की सुरक्षा के प्रति भारतीय तटरक्षक बल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## समुद्र में नाव का गियर हो गया था खराब

त्वरित ऑपरेशन करके भारतीय तट रक्षक (आईजीसी) गुरुवार रात को समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया। रात करीब 11.30 बजे भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव (बीएफबी) सागर II को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम को भेजा। जांच के दौरान पता चला कि नाव का पिछले दो दिनों से स्टीयरिंग गियर खराब था और तब से वह भटक रही थी, जिसके कारण नाव भारतीय जल सीमा के अंदर चली गई। बीएफबी में 27 चालक दल-मछुआरे सवार थे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# आयरन के लिए टॉनिक नहीं खाएं ये आहार, 2 दिनों में दिखेगा फर्क



**आयरन की कमी :** सेहतमंद रहने के लिए हमारे शरीर को कई पोषक तत्वों की जरुरत होती है। आयरन इनमें से एक महत्वपूर्ण तत्व है। यह हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। शरीर में आयरन की पर्याप्त मात्रा होने पर सारी कोशिकाएं उर्जा से भरपूर होती है और इसकी कमी होने पर थकावट, भूख न लगना, रंग पीला पड़ना, सांस की तकलीफ, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, चक्कर आना या एनीमिया जैसी बीमारियां हो सकती है। इसकी पूर्ति हरी सब्जियों के सेवन से की जा सकती है। कुछ सब्जियां ऐसी हैं जिसमें नॉनवेज से भी ज्यादा आयरन और विटामिन मौजूद हैं। आइए कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में जानते हैं जो आयरन से भरपूर होती है।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

पालक, चुकंदर ,सरसों का साग, मेथी, सोयाबीन्स, शलगम और ब्रोकली आदि सब्जियों में आयरन सबसे ज्यादा होता है। 100 ग्राम पालक में रेड मीट से 1.1 ग्राम ज्यादा आयरन होता है पालक के इस्तेमाल से शरीर में आयरन की कमी कभी नही हो सकती।

आलू - आलू में लौह, फाइबर, विटामिन सी, बी6 और पोटाशियम की बड़ी मात्रा होती है। अपने भोजन में आलू शामिल करें।


मशरूम - मशरूम में भी आयरन पाया जाता है लेकिन हर तरह की मशरूम में ही यह उपलब्ध नहीं होता। ऑयस्टर मशरूम में दो गुना ज्यादा लौह तत्व होते हैं, जबकि पोटोबेंलो और शीटकेक मशरूम में आयरन कम होता है।

टमाटर - टमाटर में आयरन और विटामिन सी होती है जो शरीर के लिए जरुरी होती है। कच्चे टमाटर में आयरन की मात्रा बहुत कम होती है हालांकि पक्के लाल टमाटर शरीर को अधिक मात्रा में आयरन प्रदान करते हैं। सलाद में टमाटर खाना फायदेमंद होता है।

# नेचुरल ब्यूटी के लिए एक बार जरूर अपनाएं ये तरीके

## फेस पैक फॉर ग्लोइंग स्किन

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आजकल लड़कियां पार्लर में जाकर महंगे से महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट करवाती हैं। इस ट्रीटमेंट के जरिए ब्यूटी की प्रॉब्लमस से छुटकारा पाया जा सकता है लेकिन कई बार तो कैमिकल युक्त प्रॉडक्ट्स की वजह से एलर्जी भी हो जाती है। झाइंया, डार्क स्किन, डेड सैल आदि जैसी छोटी-मोटी परेशानियों से राहत पाने के लिए आप कुछ घरेलू तरीके अपना सकते हैं।



**1. झाइंया हटाएं**
अदरक, तुलसी और पुदीने की पत्तियों के पेस्ट में नींबू का रस मिलाकर फेस पैक लगाएं।

**2. स्किन ब्राइटनिंग मास्क**
बादाम और पपीते के पेस्ट में हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

**3. बैस्ट फेस क्लींजर**
पपीते के सूखे छिलकों का पाउडर और ग्लिसरीन मिक्स करके इससे स्क्रबिंग करें।

**4. सॉफ्ट स्किन**
मुल्तानी मिट्टी, जैतून का तेल और गुलाबजल का पैक फेस पर अप्लाई करें।

**5. डार्क सर्कल की छुट्टी**
बादाम का तेल, शहद,खीरे और आलू का रस मिलाकर आंखों के नीचे लगाएं।



# खाली पेट एक्सरसाइज करना गलत है या सही

फिट रहने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरुरी है। बहुत से लोग ये नही जानते कि खाली पेट एक्सरसाइज आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक है या फायदेमंद। हालांकि इसके नतीजें उम्र के हिसाब से आ सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्टस भी इस मामलें में अलग-अलग राय देते हैं। लेकिन यूके में हुए एक शोध ने खाली पेट एक्सरसाइज करने को सही बताया है क्योंकि इससे ज्यादा फैट बर्न होता है। आइए जानते है कि खाली पेट एक्सरसाइज करना हमारी सेहत के लिए सही है या नहीं।

### बच्चें और बूढ़ें न करे खाली पेट एक्सरसाइज

एक्सरसाइज करना हर उम्र में फायदेमंद होता है। लेकिन 15 साल से कम उम्र के बच्चों या 55 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए खाली पेट एक्सरसाइज करना नुकसानदायक हो सकता है क्योंकि उनका शरीर कमजोर होता है। इसलिए बच्चों और बूढों को एक्सरसाइज करने से एक घंटा पहले हल्का नाश्ता कर लेना चाहिए।

### जल्दी वजन घटाना है तो सही है खाली पेट एक्सरसाइज

यदि आप अपना मोटापा कम करना चाहते है तो आपके लिए खाली पेट एक्सरसाइज सही है। भोजन में ली गई एक्स्ट्रा कैलोरीज हमारे शरीर में फैट बनाती है। जब हम खाली पेट एक्सरसाइज करते है तो फैट तेजी से बर्न होती है इसलिए आपका वजन तेजी से घटने लगता है। इससे मोटापा तेजी से कम होता है।

### खाली पेट एक्सरसाइज डायबिटीज पर रखे कंट्रोल

डायबिटीज आजकल एक आम समस्या है। जब शरीर में इंसुलिन कम बनते है तो डायबिटीज हो जाती है। खाली पेट एक्सरसाइज करने से ये खास हार्मोन शरीर में ज्यादा मात्रा में बनने लगते है, जिससे डायबिटीज कंट्रोल में रहता है।

### एक्सरसाइज का सही समय और खान-पान

कुछ भी खाने के तुरंत बाद एक्सरसाइज करना खतरनाक हो सकता है इसलिए एक्सरसाइज करते समय इन बातों का ध्यान रखें।

# इन 10 संकेतों से जानें कि आप हैं डायबिटीज की शिकार

**डायबिटीज की समस्या :** डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, जोकि साइलेंट किलर की तरह अटैक करती है। यह समस्या पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। पहले यह बीमारी 40 की उम्र के बाद होती है लेकिन आजकल महिलाएं किसी भी उम्र में इसका शिकार हो रही हैं। महिलाओं में डायबिटीज के लक्षण पुरूषों से अलग होते हैं। ऐसे में तेजी से फैल रही इस बीमारी के बारे में महिलाओं को पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं महिलाएं क्यों हो रही हैं डायबिटीज की शिकार और क्या हैं इसके लक्षण।

## महिलाएं क्यों हो रही हैं डायबिटीज की शिकार

यह समस्या पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है, जिसका कारण हार्मोन असंतुलन के साथ शरीर में पोषक तत्वों की कमी है। इसके अलावा समय के साथ-साथ महिलाओं के शरीर में पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा तेज और जल्दी बदलाव होते हैं इसलिए डायबिटीज का खतरा महिलाओं को ज्यादा होता है, खासकर उन महिलाओं को जिनका वजन ज्यादा हो। वहीं, शरीर में विटामिन डी की कमी के कारण भी महिलाएं आसानी से डायबिटीज की चपेट में आ जाती हैं।

**महिलाओं में डायबिटीज के लक्षण**

**1. अधिक प्यास लगना**
बार-बार प्यास लगना या यूरिन आना भी डायबिटीज का संकेत हैं। दरअसल, खून में शुगर की मात्रा ज्यादा होने के कारण वह यूरिन के रास्ते बाहर निकलता है, जिससे आपको बार-बार पेशाब आना और प्यास लगने की समस्या हो सकती है।

**2. वैजाइनल इंफेक्शन**
वैजाइनल इंफैक्शन या गुप्तांगों के पास छालों की समस्या होने पर उसे अनदेखा न करें क्योंकि ऐसा डायबिटीज के कारण भी हो सकता है। इसके कारण योनि के आसपास खुजली, लालिमा, अनियमित योनि स्त्राव, दुर्गंध या यूरीन के समय दर्द या जलन जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। हालांकि ऐसा तंग कपड़े, किसी प्रकार की क्रीम या सफाई का ध्यान न रखने के कारण भी हो सकता है।

**3. सिरदर्द होना**
अगर आपको भी 3-4 हफ्तों से लगातार बेवजह सिरदर्द रहता है तो तुरंत डायबिटीज का चेकअप करवाएं। डायबिटीज के कारण शरीर में इंसुलिन बनना बंद हो जाता है, जिससे आपको सिरदर्द की शिकायत हो जाती है।

**4. बेवजह थकान होना**
डायबिटीज के कारण खून में शुगर लेवल बढ़ जाता है और इंसुलिन बनना भी बंद हो जाता है। इसके कारण आपको हर समय थकान की शिकायत होने लगती है इसलिए ऐसा लक्षण दिखने पर तुरंत चेकअप करवाएं।

**5. धुंधला दिखाई देना**
टाइप 1 डायबिटीज में महिलाओं को कम और कभी-कभी धुंधला दिखाई देने लगता है। इतना ही नहीं, इसके कारण महिलाओं में रेटिनोपैथी नाम की बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसके कारण अंधापन भी हो सकता है।

**6. स्किन प्रॉब्लम**
स्किन में रैशेज, खुजली, जलन और दानें निकलना भी डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं। डायबिटीज में संक्रमित बीमारियों और स्किन प्रॉब्लम्स आदि भी होने लगती है।

**7. शारीरिक क्षमता में कमी**
रक्त में शर्करा की मात्रा दिन में लंबे समय तक अधिक बनी रहे, तो शरीर ऊर्जा के लिए वसा का ज्यादा इस्तेमाल करने लगता है। इससे आपको थकावट के साथ मानसिक और शारीरिक थकान भी महसूस होने लगती है।

**8. वजन कम होना**
वैसे तो वजन कम होना का लक्षण टाइप 1 डायबिटीक महिलाओं में अधिक देखा जाता है। मगर लंबे समय तक टाइप 2 डायबिटीज का इलाज न करवाया जाए तो उन्हें भी वजन घटने की शिकायत का सामना करना पड़ सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



## दीपिका पादुकोण इस साल नहीं करेंगी मेट गाला 2024 में शिरकत

**देश** ही नहीं दुनिया भर में अपनी एक्टिंग से लेकर खूबसूरती के लिए मशहूर दीपिका पादुकोण पिछले तीन साल से मेट गाला के रेड कार्पेट पर वॉक कर उसकी शोभा बढ़ा रही हैं। जी हां! एक्टर्स को उनके बेहद आकर्षक स्टाइल और फैशन के लिए चर्चा में रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस एक ग्लोबल एंबेसडर हैं और यही चीज उन्हें दुनिया भर में होने वाले इवेंट्स में शामिल होने का मौका देती है। साल 2017 में, दीपिका ने अपना मेट गाला में अपना डेब्यू टॉमी हिल्फिगर की एक स्लीक स्लिप गाउन में किया था। जो कि जाने माने फैशन फंडरेजर गाला में इंडिया की सबसे प्रॉमिनेंट ग्लोबल एंबेसडर के रूप में उनके इस सफर की शुरूआत थी। बितते हर साल के साथ उन्होंने कई खूबसूरत और शानदार लिबास पहने, जैसे 2018 में डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा तैयार किया गया एक शानदार लाल रंग का क्रिएशन और 2019 में जैक पोसेन द्वारा 400 थ्री - डाइमेंशनल एंब्रॉयडरी वाली पिस से बनाया गया एक कस्टम पिंक ल्यूरेक्स जैक्वार्ड गाउन उन्होंने पहना था।

## करण जौहर के अपार्टमेंट में किराए पर रहेंगे एक्टर इमरान खान

**आमिर खान** के भांजे और एक्टर इमरान खान को सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए फैंस काफी बेताब हैं। 'कट्टी बट्टी' के बाद से इमरान ने कोई फिल्म नहीं की। इस कारण प्रोफेशनल रीजन्स को लेकर वह सुर्खियों में बने भी नहीं रहते थे। वहीं, इन दिनों एक्टर एक बार फिर लाइमलाइट बटोर रहे हैं, लेकिन इसकी वजह करण जौहर और उनका घर है। इमरान खान ने अवनतिका मलिक को 8 साल डेट करने के बाद शादी कर ली थी। एक्टर की लव स्टोरी उनके करियर की शुरूआत में काफी चर्चा में भी रही। हालांकि, बाद में दोनों ने एक दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया। इमरान इन दिनों लेखा वॉशिंगटन को डेट करने को लेकर चर्चा में हैं। यह रिलेशन बहुत नया नहीं है। इमरान अब लेखा वॉशिंगटन के साथ लिव इन में रहेंगे। इमरान और लेखा ने बांद्रा ने एक अपार्टमेंट किराए पर लिया है, जिसके मालिक करण जौहर हैं।





# तापसी पन्नू को लाल कपड़ों में देखते ही भड़क गए थे लोग

तापसी पन्नू और उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मैथियास बो ने कथित रूप से शादी कर ली है। इससे जुड़ा सिर्फ एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अदाकारा पंजाबी कुड़ी बनकर स्टेज पर जाती और मस्ती करते हुए दूल्हे राजा को वरमाला पहनाती नजर आ रही है। दमदार इमेज रखने वाली इस एक्ट्रेस की ये वेडिंग क्लिप इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रही है। वैसे बात अगर वायरल की हो, तो इससे तो तापसी का पुराना नाता रहा है। उनसे जुड़े कई ऐसे बयान, फोटो और वीडियो हैं, जो सामने आते ही आग की तरह फैल गए।

ऐसा ही कुछ तब भी हुआ था, जब तापसी ने एक नामी डिजाइनर के लिए रैंप वॉक किया था। इस दौरान उन्होंने जो कपड़े पहने थे, वो हद से ज्यादा बोल्ड थे। ऐसे में तस्वीरों का वायरल होना तो बनता था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। बल्कि तापसी ने गले में जो नेकलेस डाला था, वो देख लोग भड़क गए और उन्होंने गुस्सा उतारते हुए एक्ट्रेस के फोटोज सोशल मीडिया पर फैला दिए। दरअसल ये पूरा मामला उस दौरान का है, जब तापसी पन्नू फैशन डिजाइनर मोनिशा जयसिंह के लिए शो-स्टॉपर बनी थीं। जैसा कि आप तस्वीर में भी देख सकते हैं कि लाल कपड़ों में सज-धजकर सामने आई ये अदाकारा हद खूबसूरत लग रही थी।

